**तंजानिया से भारतीय लोगों का निष्कासन**

*287. श्री यशवन्त सिंह कुशवाह : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संबंधित विदेशी सरकारें भारत-मूलक लोगों को अपने देशों से बाहर निकालने का निर्णय लेने से पहले भारत सरकार अथवा भारतीय दूतावासों से परामर्श लेती हैं; और

(ख) क्या तंजानिया सरकार ने 50 भारतीय लोगों के निष्कासन के प्रश्न पर भारत से परामर्श किया था ?

वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह) : (क) संप्रभु प्रभुसत्तात्मक सरकारों के लिए यह जरूरी नहीं है कि वे विदेशियों का निष्कासन करने अथवा उन्हें निकालने के विषय में अन्य देशों से सलाह-मशविरा करें । इन सरकारों का यह अंतर्राष्ट्रीय रूप से मान्य अधिकार है कि वे ऐसा आदेश दे सकती हैं । लेकिन भारत सरकार ने इन सरकारों को यह स्पष्ट रूप से बता दिया था कि ऐसे लोगों को भारत भेजने के तमाम मामलों में, जो भारतीय नागरिक नहीं हैं, भारत भेजने से पहले भारत सरकार की पूर्व अनुमति लेनी होगी और उन लोगों को इस बात की रजामंदी देनी होगी कि वे भारत भेज दिए जायें ।

(ख) जी नहीं । लेकिन हमारी सलाह पर दार-एस्सलाम में हमारे हाई कमिश्नर ने तन्जानिया की सरकार से जोर दे कर कहा कि वह प्रत्येक मामले में सावधानी पूर्वक विचार किए बगैर और वैध कारणों के बिना उन भारत मूलक लोगों को देश-निकाली का आदेश न दे जो बहुत बरसों से [illegible] में रहे हों और काम किया हो । हमने भी इस विषय में अपने विचार दिल्ली-स्थित तन्जानिया के हाई कमिश्नर को बता दिए हैं ।

हमारे हाई कमिश्नर की रिपोर्ट से पता चलता है कि तन्जानिया की सरकार ने इस स्थिति की सराहना की है और इस तरह के संकेत हैं कि आगे से निकासी के आदेश जारी करना रुक गया है । पहले जारी किए गए निकासी आदेशों की समीक्षा की जा रही है और समुचित मामलों में आदेश रद्द कर दिए जाने की संभावना है ।

**Pak. Letter to Security Council about Elections in Kashmir**

*288. Shri Y. A. Prasad:
Shri N. K. Sanghi:
Shri K. P. Singh Deo:
Shri P. K. Deo:

Will the Minister of External Affairs be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Pakistan has written a letter to the U.N. Security Council alleging that the recent elections in Kashmir were farcical; and

(b) if so, the reaction of Government thereto?

**The Minister of External Affairs (Shri M. C. Chagla):** (a) Yes, Sir.

(b) The letter of the Permanent Representative of Pakistan makes false and unwarranted allegations which amount to gross interference in the internal affairs of India. The elections in India are no concern of the Government of Pakistan. A suitable reply will be sent to Pakistan Permanent Representative's letter in due course.

**Construction of Barrage by East Pak Government on Buri Teesta River**

*289. Shri B. K. Daschowdhury: Will the Minister of External Affairs be pleased to state:

(a) whether Government are aware that the Government of East Pakistan